बोझ नहीं हैं, आशीर्वाद हैं- बुजुर्ग

अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ की एनएसएस की इकाई-2 ने आज दिनांक 4-10-2022 को अंतरराष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस मनाया । प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता के कुशल निर्देशन में डिमेंशिया केयर होम में इस दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। एनएसएस इकाई 2 से 18 स्वयंसेवक और स्वयं सेविकाओं ने विभिन्न कार्यक्रमों जैसे नुक्कड़ नाटक , भाषण और नृत्य द्वारा बुजुर्गों का मनोरंजन किया । प्राचार्य जी ने इस अवसर पर विद्यार्थियों के इस पहल की बहुत सराहना की । उन्होंने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में हमे अपने संस्कारों को पीछे नहीं छोड़ना चाहिए जिस समाज में बुजुर्गों का अनादर होता है वह समाज कभी भी तरक्की नहीं कर सकता । बुजुर्ग समाज पर किसी तरह का बोझ नहीं हैं बल्कि उनके अनुभवों और आशीर्वाद को युवा पीढ़ी को धरोहर की भांति संभाल कर रखना चाहिए और अपने जीवन में अनेक उनके अनुभवों से सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए । डिमेंशिया केयर होम बुजुर्गों को संरक्षण प्रदान करके बहुत ही पुण्य का कार्य कर रहा है। यहां पर बुजुर्गों के स्वास्थ्य की देखभाल के अतिरिक्त मनोरंजन, भक्ति संगीत इत्यादि कार्यक्रम भी समय-समय पर करवाए जाते हैं। आज अंतर्राष्ट्रीय बुजुर्ग दिवस पर विभिन्न कॉलेजों से आए विद्यार्थियों ने डिमेंशिया केयर होम में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए । अग्रवाल महाविद्यालय की बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्रा कुमारी प्रेरणा के नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया । कार्यक्रम की सफलता पर प्राचार्य महोदय ने एनएसएस इकाई 2 की प्रभारी डॉ शोभना गोयल और उनके सभी स्वयंसेवक सेविकाओं को बधाई दी। और भविष्य में भी ऐसे प्रयत्नों को प्रोत्साहन देने का आश्वासन दिया।